खाटू में जबसे आई | By Suhani Agarwal

खाटू में जबसे आई मिट गए है दुःख सारे
तुम हो हो आज से श्याम माता पिता हमारे
खाटू में जबसे आई मिट गए है दुःख सारे

सुनती थी श्याम तुमने हारों को है जिताया
संकट में प्रेमियों ने बाबा तुझे ही पाया
तेरी दया से टलते जीवन के दुःख सारे
खाटू में जबसे आई मिट गए है दुःख सारे

तेरी दया से सांवरे जीवन में ना कमी है
सूखा पड़ा था जीवन तुझसे हुई नमी है
तेरी कृपा जो हो गई हो गए हैं वारे न्यारे
खाटू में जबसे आई मिट गए है दुःख सारे

यूँ ही चलाते रहना जीवन की मेरी नैया
तुम ही हो मेरे राम अब तुम ही हो कन्हैया
ना होना दूर रवि से बालक है हम तुम्हारे
खाटू में जबसे आई मिट गए है दुःख सारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%88-by-suhani-agarwal/